कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्याः एम0ई0–3/2022/2703 लखनऊःदिनांक 22 नवम्बर 2022

यू0पी0 नीट पी0जी0 2022 के मॉप–अप राउण्ड के संबंध में अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

यू0पी0नीट पी0जी0 2022 के मॉप–अप राउण्ड हेतु च्वाईस फिलिंग दिनांक 22.11.2022 से प्रारम्भ हो चुकी है। उक्त के संबंध में अभ्यर्थियों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश निम्नलिखित हैंः–

- SAC के अन्तर्गत समस्त सीटें प्रदर्शित की जा रही हैं। SAC में प्रदर्शित की गयी सीटें OBC/SC/ST/EWS श्रेणी की समस्त सीटों का योग है। इन श्रेणी की सीटों पर आवंटन के पश्चात यदि इन श्रेणी की सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो SAC में प्रदर्शित की गयी सीटों की संख्या को घटाते हुए इन सीटों को अनारक्षित श्रेणी में आमेलित (Merge) करते हुए आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।

- ऑल इण्डिया काउंसिलिंग एवं अन्य राज्यों की काउंसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी उ0प्र0 राज्य के मॉप–अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं हैं।

- प्रथम एवं द्वितीय चक्र की एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/डी0एन0बी0 तथा एम0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित/अप्रवेशित/त्यागपत्र देने वाले अभ्यर्थी स्टेट कोटा के मॉप–अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं हैं।

- मॉप–अप राउण्ड में आवंटन प्रक्रिया के दौरान यदि निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों की अल्पसंख्यक श्रेणी (Minority) की सीटें अनावंटित/रिक्त रह जाती हैं, तो इन सीटों को अनारक्षित श्रेणी में आमेलित (Merge) करते हुए आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।

- डी0एन0बी0 पाठ्यक्रम की काउंसिलिंग हेतु In-Service अभ्यर्थी ही अर्ह होंगे।

अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु वेबसाईट upneet.gov.in तथा dgme.up.gov.in का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

महानिदेशक